संपादक का नोट

प्रभु की स्तुति हों !

मैं आप सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं देती हूं और मैं प्रार्थना करती हूं कि यह ईस्टर आपके घरों और परिवारों में हमारे प्रभु यीशु के प्रेम, खुशी और शांति को लाएं।

- अगर हम यीशु को जानते हैं, तो उन पर विश्वास करना आसान है, लेकिन यीशु को बिना जाने उन पर भरोसा करना धन्य है।
- एक चमत्कार को देखने के बाद यीशु के पीछे चलना आसान है, लेकिन चमत्कार प्राप्त किए बिना यीशु के पीछे चलना धन्य है।

थोमा ने पतरस और यूहन्ना पर विश्वास नहीं किया, जब उन्होंने उसे यीशु मसीह के पुनरुत्थान के बारे में बताया यूहन्ना 20:25 ''जब और चेले उस से कहने लगे कि हम ने प्रभु को देखा है: तब उस ने उन से कहा, जब तक मैं उस के हाथों में कीलों के छेद न देख लूं, और कीलों के छेदों में अपनी उंगली न डाल लूं, और उसके पंजर में अपना हाथ न डाल लूं, तब तक मैं प्रतीति नहीं करूंगा।''

थोमा के मन की अवस्था जानने के बाद यीशु, अगली बार थोमा को मिलने सीधे प्रेरितों के पास गए थे। यूहन्ना 20:27, 28, 29 ''27 तब उस ने थोमा से कहा, अपनी उंगली यहां लाकर मेरे हाथों को देख और अपना हाथ लाकर मेरे पंजर में डाल और अविश्वासी नहीं परन्तु विश्वासी हो। 28 यह सुन थोमा ने उत्तर दिया, हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेश्वर! 29 यीशु ने उस से कहा, तू ने तो मुझे देखकर विश्वास किया है, धन्य वे हैं जिन्होंने बिना देखे विश्वास किया।''

एक विश्वासी के जीवन की शुरुआत में प्रभु यीशु उनके जीवन में उनके विश्वास को बढ़ाने के लिए कई चमत्कार करते हैं।

जब हम आत्मिक रूप से बढ़ते हैं तो हमें उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे प्रभु सपने और रहस्योद्घाटन के माध्यम से हमारे साथ बात करेंगे, लेकिन हमें आगे बढ़ना चाहिए कि प्रभु हमारे साथ हैं। इब्रानियों 11:6 ''और विश्वास बिना उसे प्रसन्न करना अनहोना है, क्योंकि परमेश्वर के पास आने वाले को विश्वास करना चाहिए, कि वह है; और अपने खोजने वालों को प्रतिफल देता है।''

हजारों लोगों ने यीशु को सुना है और उन कानों को जो सुनते हैं, धन्य कान हैं। ये सुने हुए कानों ने यह साक्षी दिया है कि यीशु के वचन अनुग्रह से परिपूर्ण थे।

जब यीशु ने तूफान और लहरों को आज्ञा दी थी, तो प्रकृति ने भी यीशु की आवाज सुनी थी, और लोगों ने देखा और आश्चर्यचकित हुए।

नबी शमूएल के कानों ने भेड़ों और पशु की आवाज सुनी। उसने शाऊल से पूछा, 1 शमूएल 15:14 ''शमूएल ने कहा, फिर भेड़–बकरियों का यह मिमियाना, और गय–बैलों का यह बंबाना जो मुझे सुनाई देता है, यह क्यों हो रहा है?''

यहोवा ने शाऊल को अमालेकियों से लड़ने और उन सभी को नष्ट करने का आदेश दिया था और उन्हें छोड़ना नहीं था। दोनों पुरुष और स्त्री, शिशु और नवजात बच्चे, बैल और भेड़, ऊंट और गधे दोनों को मारने का आदेश दिया था। परन्तु शाऊल ने यहोवा पर ध्यान नहीं दिया; सब कुछ जो बेकार और तुच्छ था वे पूरी तरह से नष्ट कर दिया; लेकिन वह सबसे अच्छे भेड़ों, बैल, भेड़ का मोटा किया हुआ छोटा बच्चा और जो भी अच्छा था, उसको नष्ट करने के लिए तैयार नहीं था, और इसलिए उसने उन्हें बचाया।

जैसा कि शाऊल ने यहोवा की आवाज को अस्वीकार कर दिया, इस प्रकार प्रभु ने शाऊल को इस्राएल पर राजा होने से मना किया।

क्या आपके पास कान है जो यहोवा का वचन सुनता है? एक सौ प्रतिशत प्रभु की आवाज सुनना और उसके अधीन होना।

ऐसा हों की प्रभु के भविष्यद्वक्ताए आपके बारे में एक अच्छी गवाही दे। मत्ती 13:6 ''पर सूरज निकलने पर वे जल गए, और जड़ न पकड़ने से सूख गए।''

हमारा परमेश्वर समस्त पृथ्वी का न्यायाधीश है। वह राजा और प्रधानों को न्याय दिखाता है। लेकिन कई बार हमें न्याय नहीं मिलता है। डरो मत, परन्तु अपना कार्य यहोवा को दे दों । भजन संहिता 55:22 ''अपना बोझ यहोवा पर डाल दे वह तुझे सम्भालेगा; वह धर्मी को कभी टलने न देगा।''

पतरस कहता है 1 पतरस 5:7 ''और अपनी सारी चिन्ता उसी पर डाल दो, क्योंकि उस को तुम्हारा ध्यान है।''

प्रभु एक धर्मी न्यायाधीश है। उनकी उपस्थिति में धैर्य रखें, और उस पर प्रतीक्षा करें। वह आपको शर्मिंदा होने की इजाजत नहीं देगा, आप निश्चित तौर पर धन्य होंगे। भजन संहिता 58:11 ''तब मनुष्य कहने लगेंगे, निश्चय धर्मी के लिए फल है; निश्चय परमेश्वर है, जो पृथ्वी पर न्याय करता है।''

बाइबिल कहता है व्यवस्थाविवरण 7:6 ''क्योंकि तू अपने परमेश्वर यहोवा की पवित्र प्रजा है; यहोवा ने पृथ्वी भर के सब देशों के लोगों में से तुझ को चुन लिया है कि तू उसकी प्रजा और निज धन ठहरे।''

धन्य हैं वे जो निर्मलता से चलते हैं, जो प्रभु के नियमों का पालन करते हैं। धन्य हैं वे जो प्रभु की साक्षियों को मानते हैं, जो पूरे दिल से उसे ढूंढ़ते हैं। वे भी जो कोई बुराई नहीं करते, वे प्रभु के मार्ग पे चलते हैं।

प्रभु ने मुझे यहोवा के वचन का प्रचार करने के लिए कई देशों में ले गए है, जहां मुझे प्रभु के कई सेवक और परमेश्वर के कई बच्चे मिले। मैंने उनमे जो खुशी देखी है जो कि यह दुनिया नहीं दे सकती।

इस दुनिया में परमेश्वर के बच्चे बुलाया जाना, ऐसा भाग्यवान होने से बढ़कर कहीं और कुछ भी नहीं है। यदि आपने अपने जीवन में यीशु को प्राप्त किया है, तो उसके साथ एक हो और एक सुखी जीवन जियों। तब वह आपको सब जातियों से अधिक प्रशंसा, नाम और आदर में, उच्च स्थान पर स्थापित करेगा ताकि आप अपने परमेश्वर यहोवा के लिए एक पवित्र लोग हो।

ऐसा हों प्रभु आपको और आपके परिवारों को इस ईस्टर पर आशीर्वाद दें और आप अपने जीवन में खुशी और शांति प्राप्त करें।

प्रभु की सेवा में,

पास्टर सरोजा म.

उत्तम प्यार डर से बाहर निकलता है!

फिलिप्पियों 4:11 ''यह नहीं कि मैं अपनी घटी के कारण यह कहता हूं; क्योंकि मैं ने यह सीखा है कि जिस दशा में हूं, उसी में सन्तोष करूं।'' जो भी स्थिति में एक व्यक्ति है, उसे प्रभु में आनन्द करने की कोशिश करनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति परमेश्वर की स्तुति करता है, तो खुशी उसके जीवन में स्वयं आ जाएगी। याद रखो, गुरगुरावट पहला दुश्मन है जो प्रभु की स्तुति और आनन्दित होने के लिए नहीं देता । जब हम अपने जीवन में गुरगुरावट करते हैं, तो प्रभु हमारी स्तुति स्वीकार नहीं करते है। हमने संदेश में सुना है, दो दुश्मन हैं जो हमारे जीवन में बाधा ला सकते हैं और प्रभु के स्वर्गीय धन का आनंद लेने से दूर कर सकते हैं, वे 1) पैसे का प्रेम 2) जलन है। ये दोनों स्वभाव शत्रु से हैं और अगर हमारे भीतर यह स्वभाव है, तो हम कभी भी परमेश्वर के स्वर्गीय धन का आनंद नहीं ले सकते। आज, हम देखते हैं कि गुरगुरावट हमारे जीवन में बाधा ला सकता है। सृष्टि की शुरुआत से, हम जानते हैं कि मनुष्य का गुरगुरावट ही उसका नाश का कारण था। आदम ने अपनी पत्नी हव्वा को दोषी ठहराया और हव्वा ने सर्प को दोषी ठहराया वे एक–दूसरे के खिलाफ गुरगुरावट करने लगे। अपनी गलतियों को छिपाने के लिए उन्होंने एक दूसरे को दोषी ठहराया। आइए पढ़ें उत्पत्ति 3:12– 13 ''12 आदम ने कहा जिस स्त्री को तू ने मेरे संग रहने को दिया है उसी ने उस वृक्ष का फल मुझे दिया, और मैं ने खाया। 13 तब यहोवा परमेश्वर ने स्त्री से कहा, तू ने यह क्या किया है? स्त्री ने कहा, सर्प ने मुझे बहका दिया तब मैं ने खाया।'' इस आदमी ने अपनी पत्नी को दोषी ठहराया, बदले में पत्नी ने सर्प को दोषी ठहराया। यहां तक कि इस्राएलीयों को भी जब वे मिस्र के बंधन से बाहर वादा किए गए देश तक ले गए थे, तो जब चीजें उनके हिसाब से नहीं हों रही थी तो वे कुड़कुड़ते थे। जंगल में उन्हें कुछ भी घटी नहीं हुई, प्रभु ने उन्हें पानी दिया, उन्होंने उन पर मन्ना की बारिश की। फिर भी वे मूसा और परमेश्वर के खिलाफ गुरगुरावट और कुड़कुड़ाने लगे। यहाँ हम देखते हैं कि गुरगुरावट का स्वाभाव समय की शुरुआत से उनके खून में ही था निर्गमन 16:7 ''और भोर को तुम्हें यहोवा का तेज देख पडेगा, क्योंकि तुम जो यहोवा पर बुड़बुड़ाते हो उसे वह सुनता है। और हम क्या हैं, कि तुम हम पर बुड़बुड़ाते हो?'' यद्यपि प्रभु ने जंगल में उनकी सारी जरूरतों का ख्याल रखा था, लेकिन फिर भी इस्राएली स्वयं परमेश्वर के विरूद्ध सभी तरह से कुड़कुड़ाते थे। तो हम सृष्टि के आरंभ से ही देखते हैं, मनुष्य ने सिर्फ खुद को छोड़कर दूसरों को अपने नाश के लिए दोषी ठहराया। गुरगुरावट इस्राएलीयों के बीच एक महान लक्षण था। व्यवस्थाविवरण 1:27 ''अपने अपने डेरे में यह कहकर कुड़कुड़ाने लगे, कि यहोवा हम से बैर रखता है, इस कारण हम को मिस्र देश से निकाल ले आया है, कि हम को एमोरियों के वश में करके सत्यनाश कर डाले।'' यहां हम इस्राएलीयों के शातिर सोच के बारे में देखते हैं, उन्होंने कहा कि प्रभु उनको नष्ट करना चाहते हैं, इस लिए वह हमें मिस्र से निकाल लाया था। आज भी मनुष्य अलग नहीं हैं, जो कुछ भी प्रभु हमें देता है हम उसमे कभी भी संतुष्ट

और शांति के साथ नहीं रहते। इसके बजाय हम सभी अच्छी चीजों पर गुरगुरावट और बड़बड़ाते हैं। जब हम दूसरों के दुःखों को देखते हैं, तो हमें अपनी कृपा और करुणा के लिए प्रभु का शुक्रगुजार होना चाहिए। परमेश्वर हमेशा अच्छा और हमारे लिए सबसे श्रेष्ठ करता है, जैसे उसने इस्राएलियों के लिए किया था। प्रभु ने उनका विलाप और रोना सुना, तो उसने उन्हें बचाने के लिए मूसा को भेजा। और यहां, इस व्याख्यान में, हमने पढ़ा है कि इस्राएली ने कहा ''प्रभु ने हमें मिस्र से बाहर ले आया है ताकि हमें अमोरियों के हाथ में सोपा जा सके''। गिनती 14:27 ''यह बुरी मण्डली मुझ पर बुड़बुड़ाती रहती है, उसको मैं कब तक सहता रहूं? इस्त्राएली जो मुझ पर बुड़बुड़ाते रहते हैं, उनका यह बुड़बुड़ाना मैं ने तो सुना है।'' महान दुःख के साथ हमारा प्रभु कहता है, ''मैं कितनी देर तक इस बुरी मण्डली को सहन करूंगा, जो मेरे विरूद्ध बड़बड़ाता है?'' परमेश्वर ने हर तरह से उनकी देखभाल करने के बाद भी इस्राएलियों के बड़बड़ाहट को सुना। इस वजह से, उनमें से कई जंगल में ही नष्ट हो गए।

उन सभी जो प्रभु पर भरोसा करते थे और विश्वास करते थे, खुशी से जंगल में से अच्छी भूमि तक पहुंचे। निर्गमन 15:27 '' तब वे एलीम को आए, जहां पानी के बारह सोते और सत्तर खजूर के पेड़ थे; और वहां उन्होंने जल के पास डेरे खड़े किए।'' जब हम बड़बड़ाते हैं, तो प्रभु का अभिशाप हमारे ऊपर आ सकता है, इस प्रकार हमें सावधान रहना चाहिए कि हम यहोवा के विरुद्ध अपना मुंह न खोलें। यिर्मयाह 26:11 ''तब याजकों और भविष्यद्वक्ताओं ने हाकिमों और सब लोगों से कहा, यह मनुष्य प्राणदण्ड के योग्य है, क्योंकि इस ने इस नगर के विरुद्ध ऐसी भविष्यद्वाणी की है जिसे तुम भी अपने कानों से सुन चुके हो।'' प्रभु ने प्यार और समझ के साथ बार–बार इस्राएली लोगों से बातें की, लेकिन इस्राएलियों ने केवल अपनी जिंदगी में गुरगुरावट और बड़बड़ाहट जारी रखी। संदेश में हमने मूसा और यीशु मसीह की सच्चाई के बारे में सुना है। लेकिन यह जलन है कि यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया। शत्रु परमेश्वर के लोगों के जीवन में अलग–अलग तरीकों से काम करता है। कल्पना कीजिए, यीशु के कामों को देखने के बाद, जो इस दुनिया में केवल प्रेम फैलाते थे, फिर भी शत्रु ने उनके दिलों में घृणा डाली। लोगों के दिलों में जलन के कारण, उन्होंने यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया। प्रभु किससे प्यार करता था और उनके लिए उनकी जिंदगी दे दी, शत्रु ने उनके दिलों को प्रभु के खिलाफ जाने के लिए तैयार किया और इस प्रकार प्रभु को क्रूस पर चढ़ाया। जब पैसे का प्यार यहूदा में प्रवेश किया, तो ही शत्रु ने उसके दिल पर कब्जा कर लिया। शत्रु हमारे जीवन में अलग–अलग तरीकों से काम करता है, परन्तु जो लोग प्रभु पर भरोसा करते हैं, वे कभी भी परमेश्वर के विरुद्ध गुरगुरावट और बड़बड़ाहट नहीं करते। फिलिप्पियों 2:14 ''सब काम बिना कुड़कुड़ाए और बिना विवाद के किया करो।'' जब हम प्रभु ने हमारे जीवन में किए अच्छे कामों के बारे में सोचते है, तो बड़बड़ाहट के लिए कोई जगह नहीं होगी। जब हम दूसरे तकलीफों के बारे में सोचते हैं..जैसे की उनके पास कोई नौकरी नहीं है लेकिन हमारे पास एक अच्छा काम है, उनके पास कोई पैसा नहीं है लेकिन हमारे पास पैसों की कमी नहीं है, उनके पास भोजन और आश्रय भी नहीं है, लेकिन हमारे पास हमारे लिए भोजन और आश्रय है, परिवारों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन हम प्रभु के साथ खुश हैं, इस प्रकार बड़बड़ाहट के बिना हमें हर समय प्रभु की स्तुति और आराधना करना चाहिए। इफिसियों 5:4–5 ''4 और न निर्लज्जता, न मूढ़ता की बातचीत की, न ठट्ठे की, क्योंकि ये बातें सोहती नहीं, वरन धन्यवाद ही सुना जाएं। 5 क्योंकि तुम यह जानते हो, कि किसी व्यभिचारी, या अशुद्ध जन, या लोभी मनुष्य की, जो मूरत पूजने वाले के बराबर है, मसीह और परमेश्वर के राज्य में मीरास नहीं।'' दुनिया में, यह सब तरह की गंदगी होती है, याद रखिए कि हम किसी भी मूर्खता में प्रभु को खुश नहीं कर सकते। जो व्यक्ति अपने दिल में धन्यवाद और आभार नहीं देता है, वह इस जीवन में अंधेरे की ओर जाएगा।

एक दिल जिसके पास ऊपर दिए गए गुण नहीं हैं, वह कभी भी न धन्यवाद न ही स्तुति करेगा। जब हम प्रभु के लिए अच्छे साक्षी होते हैं, तो हमारा दिल अपने आप आभार से भर जाएगा। हम अपना जीवन अंधकार में नहीं लेके जाएंगे, बल्कि खुश रहें और अच्छे प्रभु की प्रशंसा करें जब ये गुण हमारे भीतर नहीं हैं। ''5 क्योंकि तुम यह जानते हो, कि किसी व्यभिचारी, या अशुद्ध जन, या लोभी मनुष्य की, जो मूरत पूजने वाले के बराबर है, मसीह और परमेश्वर के राज्य में मीरास नहीं।'' हमें हमेशा ''कृपा से परिपूर्ण, शक्ति से परिपूर्ण, महिमा से परिपूर्ण'' होना चाहिए। रोमियो 1:21 ''इस कारण कि परमेश्वर को जानने पर भी उन्होंने परमेश्वर के योग्य बड़ाई और धन्यवाद न किया, परन्तु व्यर्थ विचार करने लगे, यहां तक कि उन का निर्बुद्धि मन अन्धेरा हो गया।'' शत्रु हमेशा परमेश्वर और उसके बच्चों के बीच छोटे गलतफहमी लाने की कोशिश करता है। इस प्रकार, हमारे जीवन में प्रभु की कृपा का अनुभव करने के बाद भी और हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं, हम अपने जीवन को अंधेरे में ले जा रहे हैं, हम मूर्ख व्यक्ति हैं। भजन संहिता 16:11 ''तू मुझे जीवन का रास्ता दिखाएगा; तेरे निकट आनन्द की भरपूरी है, तेरे दाहिने हाथ में सुख सर्वदा बना रहता है।'' जब हम परमेश्वर के साथ हैं, तो हम हमेशा आनन्द की परिपूर्णता का आनंद उठाते हैं।

दूसरी बाधा जो प्रभु और हमारे बीच में लाता है वह 'डर' लाता है। अय्यूब, जिसने अपने जीवन में बहुत डर महसूस किया, वह कहता है अय्यूब 3:25 ''क्योंकि जिस डरावनी बात से मैं डरता हूँ, वही मुझ पर आ पड़ती है, और जिस बात से मैं भय खाता हूँ वही मुझ पर आ जाती है।'' जब सब कुछ अय्यूब के जीवन में अच्छा था, तो शत्रु ने अपने जीवन में डर लाया, इस डर के कारण शत्रु ने उसे इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। आज भी, शत्रु डर पैदा करने के लिए ऐसे हृदय की खोज कर रहा है। जिनके पास जलन, बड़बड़ाहट, पैसे से प्यार है, आदि ... .. शत्रु उनके दिल में एक जगह पा लेता है। अय्यूब को उसके दिल में डर था और इस तरह उसने इस कमजोरी का इस्तेमाल किया और उसे पकड़ लिया। जब हमारे दिल में डर है, तो हमें इसे फटकारना चाहिए और इसे दूर करना चाहिए। हमें हमेशा डर पर फंसाने के बारे में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए। शत्रु शक्तिशाली है, परन्तु हमारा परमेश्वर सर्वशक्तिमान है। यीशु मसीह पतरस को देखता है और उसे कहता है कि ''दूर हो जा, शैतान'' हमें मनुष्य से डरना नहीं चाहिए, वह हमारे लिए बहुत करीब हो सकता है, शत्रु हमारे बहुत करीबी लोगों का उपयोग करता है जिनके ऊपर हम निर्भर हैं और सम्मान करते हैं, ताकि हम पर डर ला सके। अय्यूब को डर था, इस तरह उसने उसका इस्तेमाल किया और उसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। जब हमारे जीवन में डर आता है, तो हमें इसे ''यीशु मसीह के लहू'' के साथ डांटना चाहिए 1 यूहन्ना 4:18 ''प्रेम में भय नहीं होता, वरन सिद्ध प्रेम भय को दूर कर देता है, क्योंकि भय से कष्ट होता है, और जो भय करता है, वह प्रेम में सिद्ध नहीं हुआ।'' याद रखें उत्तम प्रेम हमारे जीवन से डर को निकल देता है। हमारे प्रभु का प्यार हमारे लिए असली है, उसने हमारे लिए अपना जीवन दिया है, इस दुनिया में इसके अलावा कोई बड़ा प्यार नहीं हो सकता। इस प्रकार जब प्यार हमारे जीवन में उत्तम होता है, तब कोई भी डर नहीं होगा। भजन संहिता 34:4 ''मैं यहोवा के पास गया, तब उसने मेरी सुन ली, और मुझे पूरी रीति से निर्भय किया।'' दाऊद को भी डर था, लेकिन जब वह भय में था, तो उसने प्रभु को याद किया। जब उसने उसे बुलाया, तो परमेश्वर ने उसे सभी भय से बचाया। इस प्रकार हमें अपना हाथ प्रभु के दाहिने हाथ में देना चाहिए, सभी भय गायब हो जाएंगे। यशायाह 41:13–14 ''13 क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर यहोवा, तेरा दहिना हाथ पकड़कर कहूंगा, मत डर, मैं तेरी सहायता करूंगा। 14 हे कीड़े सरीखे याकूब, हे इस्राएल के मनुष्यों, मत डरो! यहोवा की यह वाणी है, मैं तेरी सहयता करूंगा; इस्राएल का पवित्र तेरा छुड़ाने वाला है।'' हमें प्रभु से और क्या अधिक सहमति चाहते हैं, महान प्यार के साथ उन्होंने कहा है ''13 क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर यहोवा, तेरा दहिना हाथ

पकड़कर कहूंगा, मत डर, मैं तेरी सहायता करूंगा।'' हमें डर को खुद पे हावी होने नहीं देना चाहिए, प्रभु ने हमेशा हमारे साथ होने का वादा किया है। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि सभी वादे जो परमेश्वर ने हमसे कहें है याद रखना चाहिए। याद रखें, वह अपने हाथ से हमारे दाहिने हाथ को कसकर उसके साथ पकड़कर रखेगा। शत्रु हमें परमेश्वर के वादे का आनंद लेने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन जब हम प्रभु के वादों को याद करते हैं, तो हम बलवन्त होते हैं। याद रखें, जब हम मुसीबत में होते हैं, तो हमें 'यिर्मयाह 3:33' के रूप में परमेश्वर को बुलाना चाहिए।

व्यवस्थाविवरण 31:6 ''तू हियाव बान्ध और दृढ़ हो, उन से न डर और न भयभीत हो; क्योंकि तेरे संग चलने वाला तेरा परमेश्वर यहोवा है; वह तुझ को धोखा न देगा और न छोड़ेगा।'' हमारा प्रभु निरंतर हमारे साथ है, वह हमें एक मिनट के लिए भी त्यागता नहीं है। जैसे ही हम अपने बच्चों पर नजर रखते हैं, वैसे ही हम उसके बच्चे हैं उनकी आंखें हमेशा हम पर हैं। प्रभु कहते हैं, ''डरो मत जलन की भावना से, पैसे का प्यार से, कुड़कुड़ाना से,। मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं, दृढ़ और साहसी रहो।'' जब हम इन आत्माओं को डांटते हैं, तो हम बलवंत हो जाते हैं। जकर्याह 8:13 ''और हे यहूदा के घराने, और इस्राएल के घराने, जिस प्रकार तुम अन्यजातियों के बीच शाप के कारण थे उसी प्रकार मैं तुम्हारा उद्धार करूंगा, और तुम आशीष के कारण होगे। इसलिए तुम मत डरो, और न तुम्हारे हाथ ढीले पड़ने पाएं।'' प्रभु अपने बच्चों के साथ एक सहमति करता है, कि वह हमें कभी त्याग नहीं करेगा, हमने निर्गमन, यशायाह और व्यवस्थाविवरण में पढ़ा है। प्रभु हमारे लिए हर शाप को महान आशीर्वाद में बदल देगा। क्या हमारे प्रभु के लिए कुछ भी असंभव है ? इस प्रकार, हम हर समय उसकी प्रशंसा करें, बुराई के सभी आत्माएं न केवल हमारी ओर से भागेंगी बल्कि हममें से भी भागेंगी। हमें हमेशा प्रभु के लिए ''शक्ति से परिपूर्ण, स्तुति से परिपूर्ण, महिमा से परिपूर्ण होना चाहिए।'' और हमें अपने दाहिने हाथों को प्रभु के हाथों में दे देना चाहिए, वह हमें कभी भी त्यागेगा नहीं। समुद्र में ज्वार की लहरों की तरह, शत्रु हमारी जिंदगी में क्लेश और दुःख लाता रहेगा, हमारा जीवन कभी आसान नहीं होगा, परन्तु परमेश्वर हमें वादा करता है ''डरो मत, मैं इस दुनिया के अंत तक तुम्हारे साथ हूं''। बाइबिल में हमारे लिए बहुत सारे वादे रखें हैं यदि हम उनके प्यार में दृढ़ बने रहें। दुश्मन हम से दूर भाग जाएंगे। प्रार्थना करो कि यह संदेश उन लोगों को एक आशीर्वाद हो जो इसे पढ़ते हैं! प्रभु की स्तुति हो !

प्रभु की सेवा में आपकी,

पास्टर सरोजा म.